# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

दिनांक- 07.10.2025

## सुरक्षित हो हर महिला, यही है 'मिशन शक्ति' का पहला लक्ष्य!

### थाना मदेयगंज के क्षेत्र के मशालची टोला में महिलाओं ,बालिकाओं व छोटे बच्चों को पम्पलेट वितरण व मिशन शक्ति स्टीकर चिपकाकर चलाया गया मिशन शक्ति 5.0 अभियान

मिशन शक्ति की नई पहल, घर-घर में गूंजी आवाज़।
छोटे बच्चे, महिलाएं, बालिकाएं, सबने पाया अपना अधिकार।

**उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण** और **पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट लखनऊ के** मार्गदर्शन में 22 सितंबर 2025 से 'मिशन शक्ति 5.0' का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा और गति प्रदान कर रहा है।

महिला सशक्तिकरण उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल, "मिशन शक्ति महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय और सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करता है जो घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण, या किसी भी प्रकार की हिंसा का सामना कर रही हैं।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है

**आयोजक/आयोजन स्थल-**

- मिशन शक्ति अभियान प्रभारी एस0आई श्री सविता थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट.
- एंटी रोमियो टीम प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट
- म0का0 आंचल थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट
- पिंक बूथ 61 की महिला आरक्षी आशा
- थाना मदेयगंज क्षेत्र के मशालची टोला क्षेत्र में करीब 30- 40 महिलाओं व बच्चे।

**प्रतिभाग-**

- मिशन शक्ति अभियान प्रभारी एस0आई श्री सविता थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट
- मिशन शक्ति टीम थाना मदेयगंज
- एंटी रोमियो टीम थाना मदेयगंज
- अन्य मिशन शक्ति महिला बीट अधिकारी

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-II

दिनांक- 07.10.2025

**महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम**
**पंपलेट वितरण के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल**

**मिशन शक्ति 5.0 शहर के बाजारो में शक्ति का संदेश, थाना अमीनाबाद क्षेत्रातर्गत तुलसी पार्क व मौलवीगंज बाजार में महिलाओं/बच्चों को पंपलेट वितरण कर किया गया जागरुक।**

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

मिशन शक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक ठोस पहल है। ऐसे प्रयासों से निश्चित रूप से एक सुरक्षित और संवेदनशील समाज के निर्माण में मदद मिलेगी।

**आयोजक-**

- मिशन शक्ति प्रभारी म0उ0नि0 श्रीमती गौरव कुमारी थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
- महिला आरक्षी लवसी, थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
- एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक केशव मिश्रा, थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
- महिला आरक्षी सरिता, थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
- महिला आरक्षी वंदना यादव, थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
- महिला आरक्षी पूनम गोंड, थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
- आरक्षी अमित गौतम, थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
- आरक्षी अखलेश मल्ल थाना अमीनाबाद, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।

**प्रतिभाग-**

थाना क्षेत्र अमीनाबाद के तुलसी पार्क, मौलवीगंज बाजार में करीम 30- 40 महिलाए एंव बच्चे।

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

आज दिनांक 07/10/25 को मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत थाना अमीनाबाद में मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम द्वारा तुलसी पार्क , मौलवीगंज बाजार, में महिलाओं को जागरुक किया गया जिसमें पंपलेट वितरण कर महिलाओं को महिला अपराध व सुरक्षा,हेतु महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090,181,1098,1076,1930,101,102,108,112,upcop ऐप CEIR पोर्टल आदि के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वांलम्बन को सुनिश्चित करना व महिलाओ को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पूरे प्रदेश में शुभारंभ किए गए मिशन शक्ति 5.0 के संबंध में जानकारी दी गई। छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं साइबर जागरूकता आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## महत्वपूर्ण पहलू:

- **महिला सशक्तिकरण को मिल रही नई दिशा**
  यह महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रभावी माध्यम है।
- **सुरक्षित समाज की नींव**
  ऐसे अभियान महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने में एक मजबूत ढाल का काम करते हैं।
- **संवेदनशील नागरिक तैयार करने का प्रयास**
  यह पहल न केवल महिलाओं बल्कि पूरे समाज को संवेदनशील और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देती है।
- **सामूहिक जिम्मेदारी की भावना**
  मिशन शक्ति यह संदेश देता है कि महिला सुरक्षा और सम्मान सभी की साझा जिम्मेदारी है।

## उद्देश्य-

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को मिशन शक्ति केंद्र की भूमिका, उसके उद्देश्यों तथा वहाँ उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की मुख्य प्राथमिकताओं में से एक है। मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं एवं बच्चियों के लिए एक सुरक्षित मंच प्रदान करते हैं, जहाँ से वे आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता, परामर्श एवं सुरक्षा प्राप्त कर सकती हैं।

एंटी रोमियो टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ होने वाली उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने तथा इस संबंध में कानूनी प्रावधानों की जानकारी साझा की गई। साथ ही, डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों पर भी प्रकाश डाला गया।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

दिनांक- 07.10.2025

### मिशन शक्ति 5.0

**शक्ति से आत्मनिर्भरता तक का सफर**
**मिशन शक्ति 5.0 बना रहा है महिलाओं को सबल और स्वावलंबी।**

**मिशन शक्ति 5.0 के तहत मामा चोराहा और रानी खेड़ा गाव सेक्टर एफ थाना जानकीपुरम में महिलाओं और बच्चो को किया गया जागरूक।**

मिशन शक्ति की यह पहल सामुदायिक पुलिसिंग और "सुरक्षा, शिक्षा, सशक्तिकरण" के सिद्धांत पर एक मजबूत कार्ययोजना का उदाहरण है, जिसका उद्देश्य एक सुरक्षित और जागरूक नागरिक समाज का निर्माण करना है।

**मिशन शक्ति 5.0** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में **श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक, 01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

**आयोजक-**

- महिला उपनिरीक्षक शिवानी वर्मा प्रभारी मिशन शक्ति टीम थाना जानकीपुरम
- महिला उपनिरीक्षक सृष्टि वर्मा थाना जानकीपुरम

**प्रतिभाग-**

- महिला उपनिरीक्षक शिवानी वर्मा प्रभारी मिशन शक्ति टीम थाना जानकीपुरम, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ
- महिला उपनिरीक्षक सृष्टि वर्मा थाना जानकीपुरम, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ
- मामा चोराहा और रानी खेड़ा गाव सेक्टर एफ थाना जानकीपुरम जनपद लखनऊ के करीम 20-30 महिलाए व बच्चे।

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

लखनऊ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए आज दिनांक आज दिनांक 07/10/2025 को मामा चोराहा और रानी खेड़ा गाव सेक्टर एफ थाना जानकीपुरम जनपद लखनऊ में मिशन शक्ति 5.0 के तहत सरकार की योजनाओ के बारे में महिलाओं को अपने साथ हो रहे अपराधों व अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही साथ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्डलाइन), 1076 (टोल-फ्री सिटीजन कॉल सेंटर), 101 (अग्निशमन), 102 (एम्बुलेंस), 108 (आपातकालीन सेवा), 112 (ईआरएसएस) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा, उन्हें यूपी-100 (यूपी कोप) एवं आदि नंबरों के बारे में जानकारी दी गयी एवं बच्चो को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी के साथ- साथ महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र व साइबर अपराधों के बारे में की जानकारी दी गई तथा हेल्प लाइन नंबरों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और साइबर फ्रॉड से बचने की हिदायत के साथ- साथ महिला हेल्प डेस्क , मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों के बारे में जानकारी दी गई।

## निष्कर्ष:

लखनऊ पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित यह जागरूकता कार्यक्रम महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय और बहुआयामी पहल है।

- **समग्र जागरूकता:** महिलाओं को न केवल उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी योजनाओं से अवगत कराया गया, बल्कि उन्हें विभिन्न आपात स्थितियों के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।
- **बच्चों का सशक्तिकरण:** बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' जैसे संवेदनशील मुद्दे पर शिक्षित करना भविष्य में होने वाले अपराधों को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- **डिजिटल सुरक्षा पर जोर:** साइबर अपराधों और साइबर फ्रॉड से बचने के तरीकों के बारे में बताना वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप है।
- **सहायता तंत्र से परिचय:** महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र जैसे विशेष सहायता तंत्रों के कार्यों से अवगत कराने से पीड़ितों तक त्वरित और प्रभावी मदद पहुँचाने में मदद मिलेगी।



# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

# मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

## थाना माल कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा थाना स्थानीय पर सभा मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों पर पुलिस-जनता संवाद ने बढ़ाया महिला सुरक्षा का विश्वास।

**मिशन शक्ति 5.0: सुरक्षा संवाद ने जगाया जागरूकता, पुलिस और समाज में बढ़ी एकजुटता।**

**दिनांक- 07.10.2025**

पुलिस-जनता संवाद ने बढ़ाया में महिलाओं को आश्वस्त किया गया कि समाज में महिलाओं की सहभागिता और सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

**मिशन शक्ति 5.0** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में **श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

### कार्यक्रम का उद्देश्यः

- महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के बारे में जागरूकता फैलाना।
- महिला शक्ति को प्रोत्साहित करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करना।
- महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना।

### आयोजक/आयोजन स्थल

- महिला उप निरीक्षक श्रीमती खुशबू यादव मिशन शक्ति प्रभारी थाना माल कमिश्नरेट लखनऊ
- थाना माल कमिश्नरेट लखनऊ

### प्रतिभाग-

थाना स्थानीय पर करीब 20-25 महिलाएं

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

आज दिनांक 07.10.2025 को मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत थाना स्थानीय पर सभा कर करीब 20-25 महिलाओं को मिशन शक्ति **के तहत महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों पर पुलिस-जनता संवाद कर** महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया, महिला संबधी योजनाओं की जानकारी दी गई और **. महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी** 1076, 101, 112, 108, 1098, 181, 102, 1090, 1930 आदि नंबर की भी जानकारी दी गई और साइबर फ्रॉड से बचने की हिदायत के साथ- साथ महिला हेल्प डेस्क , मिशन शक्ति केंद्र के कार्यो के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं को उनके भविष्य के प्रति आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया गया। ग्रामीण महिलाओं के साथ संवाद किया और उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

**महिलाओं को निम्न बिंदुओं पर जागरूक किया गया:**

**1. महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी**

* दहेज प्रतिषेध अधिनियम
* घरेलू हिंसा अधिनियम
* बाल विवाह निषेध अधिनियम
* कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम

**2. महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी**

* 1090 (वुमेन पावर लाइन)
* 112 (आपातकालीन सेवा)
* 181 (महिला सहायता हेल्पलाइन)

**3. साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय**

* सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखना
* साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी

**महिलाओं को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार की संकट की स्थिति में वे तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें अथवा मैसेज के माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकती हैं।**

यह कार्यक्रम लखनऊ पुलिस की उस सतत प्रयासशीलता का एक हिस्सा है, जिसके तहत एक सुरक्षित और संवेदनशील समाज के निर्माण के लिए कार्य किया जा रहा है।